हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 18 अप्रैल 2026

04 प्रशांत यादव हत्याकांड के तीन दोषियों को आजीवन...




05 गर्भवती माताओं, हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं ...





## खबर संक्षेप

### विश्व धरोहर दिवस पर प्रदर्शनी आज से

**विदिशा।** विश्व धरोहर दिवस के अवसर पर भारतीय राष्ट्रीय कला एवं सांस्कृतिक विरासत ट्रस्ट (इंटेक) चैप्टर विदिशा द्वारा जालोरी गार्डन में शनिवार शाम 5 बजे से ऐतिहासिक स्थलों एवं प्राचीन सिक्कों की प्रदर्शनी आयोजित की जा रही है। प्रदर्शनी 19 अप्रैल को पूरे दिन खुली रहेगी। इसका उद्देश्य नई पीढ़ी को भारतीय इतिहास, सांस्कृतिक विरासत और मुद्रा विकास से परिचित कराना है। शहर के मोहन प्रसाद प्रजापति के संग्रह में पाषाणकालीन उपकरण, 600 ईसा पूर्व से आधुनिक काल तक के भारतीय तथा लगभग 60 देशों के दुर्लभ सिक्के प्रदर्शित होंगे।

### थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए रक्तदान कल

**विदिशा।** विदिशा केमिस्ट एसोसिएशन द्वारा रविवार सुबह 10 बजे अस्पताल रो स्थित मां मेडिको पर रक्तदान शिविर लगाया जाएगा। शिविर का उद्देश्य थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों के लिए रक्त एकत्रित करना है। संघ के जनसंपर्क अधिकारी सुमत कुमार जैन ने बताया कि रक्तदान महादान है। एसोसिएशन ने नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान करने अपील की है।

### भूदान यज्ञ की वर्षगांठ पर सद्भावना यात्रा का स्वागत 21 अप्रैल को

**विदिशा।** भूदान यज्ञ की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर विनोबा भावे के अनुयायी रमेश भैया 21 अप्रैल मंगलवार को सुबह 11:30 बजे मं हॉस्पिटल प्रांगण में पहुंचेंगे। वे पवनार आश्रम से पोचमपल्ली (तेलंगाना) तक भूदान स्मृति विचार एवं सद्भावना यात्रा पूर्ण कर रहे हैं। विनोबा जी ने लगभग 45 लाख एकड़ भूमि दान में प्राप्त कर जरूरतमंदों में वितरित की थी। रमेश भैया अब तक 35 हजार किमी पदयात्रा कर गांधी-विनोबा विचारों के प्रसार में समर्पित हैं।

### लापता नाबालिग 3 माह बाद शहर में ही मिली

**विदिशा।** 17 वर्षीय नाबालिग बालिका के गुम होने की रिपोर्ट 20 जनवरी को थाना कोतवाली में दर्ज की गई थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन में चलाए जा रहे ऑपरेशन मुस्कान के तहत विशेष टीम गठित की गई। टीम ने बालिका के मित्रों व रिश्तेदारों से पूछताछ कर सूचना तंत्र सक्रिय किया। से 17 अप्रैल को बालिका को विदिशा से बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया गया।

### वंशिका ने किया नटेरन क्षेत्र का नाम रोशन



**नटेरन।** नटेरन तहसील के ग्राम पमारिया निवासी बालकृष्ण विश्वकर्मा की पुत्री वंशिका विश्वकर्मा ने सेंट्रल बोर्ड से 10 कक्षा में 98.6% अंक लाकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। वंशिका ने बताया की परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए दिन-रात कड़ी मेहनत की है। रोजाना कई घंटों की पढ़ाई की और परीक्षा के लिए एक रणनीति भी बनाई।

## नियम उल्लंघन पर सख्ती: निलंबित ड्राइविंग लाइसेंस के लिए रिफ्रेशर ट्रेनिंग अनिवार्य

# नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई कर एक साल में 121 लाइसेंस निरस्त किए

***परिवहन विभाग यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों से जुर्माना वसूली करने तक ही कार्रवाई नहीं करता, लाइसेंस भी छीन लेता है। पिछले एक साल में 121 वाहन चालकों को अपने लाइसेंस गंवाने पड़े हैं। यह ऐसे वाहन चालक थे जो वाहन चलाने के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करते हुए पाए गए थे। आरटीओ गिरिजेश वर्मा ने इन चालकों के लाइसेंस ही निरस्त कर दिए।***

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

मोटरयान अधिनियम के तहत गंभीर यातायात नियमों के उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर सख्त कार्रवाई जारी है। जिला परिवहन कार्यालय द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 (1 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026) के दौरान 121 वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित किए गए हैं। संबंधित प्रकरणों में चालानी कार्रवाई के साथ-साथ लाइसेंस जब्त कर निलंबन, निरस्तीकरण कर परिवहन कार्यालय भेजे गए।

परिवहन विभाग के अनुसार तेज गति से वाहन चलाना या रेसिंग करना, खतरनाक तरीके से वाहन चलाना, नशे की हालत में वाहन संचालन, असुरक्षित वाहन चलाना, दोपहिया वाहन पर हेलमेट का प्रयोग न करना तथा एम्बुलेंस जैसे आपातकालीन वाहनों को रास्ता न देना जैसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जाती है। मोटरयान अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार निलंबित ड्राइविंग लाइसेंस का निलंबन तब तक समाप्त नहीं किया जाएगा, जब तक संबंधित लाइसेंस धारक किसी मान्यता प्राप्त संस्था से रिफ्रेशर ट्रेनिंग कोर्स पूर्ण नहीं कर लेता। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार 20 अप्रैल से पोर्टल पर स्वतः निलंबन समाप्त होने की प्रक्रिया बंद कर दी गई है। अब बिना रिफ्रेशर ट्रेनिंग प्रमाणपत्र के लाइसेंस बहाल नहीं किया जाएगा। जिला परिवहन अधिकारी गिरिजेश वर्मा ने बताया कि जो वाहन चालक यातायात नियमों का उल्लंघन करते हुए गंभीर स्थिति में वाहन चलाते हुए पाए जाएंगे ऐसे वाहन चालकों पर सख्ती के साथ कार्रवाई की जाएगी। लाइसेंस निरस्त होने के बाद संबंधित वाहन चालक को रिफ्रेशर ट्रेनिंग कोर्स पूर्ण करना होगा। उन्होंने बताया कि जब भी परिवहन आयुक्त से निर्देश प्राप्त होते हैं तो समय समय पर कार्रवाई की जाती है। वहीं स्कूल कॉलेजों और शासकीय संस्थानों में यातायात नियमों के संबंध में जागरुकता अभियान चलाना लाइसेंस बनवाने प्रेरित भी किया जाता है।



कार्रवाई के दौरान वाहन चालकों को समझाइश देते हुए

### यातायात पुलिस ने 22 ऑटो चालकों के चालान बनाए, 20 हजार जुर्माना ठोका

जिले में सड़क सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को बनाए रखने यातायात पुलिस ने शुक्रवार को विशेष चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान यातायात प्रभारी आशीष राय एवं सूबेदार मेघा शर्मा सहित टीम ने विभिन्न स्थानों पर वाहनों की जांच की। चेकिंग के दौरान स्कूली वाहनों एवं ऑटो चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन के आवश्यक दस्तावेज, फिटनेस, परमिट, ओवरलोडिंग तथा अन्य सुरक्षा मानकों का बारीकी से निरीक्षण किया गया। नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ मौके पर ही कार्रवाई की गई। जांच में 22 ऑटो चालक यातायात नियमों का उल्लंघन करते पाए गए, जिनके विरुद्ध चालानी कार्रवाई करते हुए कुल 20 हजार का समन शुल्क वसूला गया। साथ ही सभी चालकों को भविष्य में नियमों का पालन करने और विशेष रूप से बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता देने की सख्त हिदायत दी गई।



# घाटखेड़ी में हत्याकांड का पर्दाफाश, तीन गिरफ्तार

## करारिया पुलिस ने सांची से आरोपियों को दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

थाना करारिया चौराह क्षेत्र अंतर्गत घाटखेड़ी गांव में हुए हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा करते हुए 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

14 अप्रैल को फरियादी हुकुम सिंह निवासी ग्राम घाटखेड़ी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि हेमराज मीना, नीतेश आदिवासी, राजा आदिवासी एवं गुलाबबाई आदिवासी ने आपसी विवाद के चलते गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी और लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमले में छोटेराम आदिवासी (45 वर्ष) गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनकी उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। घटना के बाद पुलिस टीम ने लगातार सर्च अभियान चलाते हुए सांची से हेमराज मीना (28), राजा आदिवासी (20) एवं नीतेश आदिवासी (19) को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। पुलिस मामले की विस्तृत जांच में जुटी है।




### करैयाखेड़ा रोड निवासी युवक ने आत्महत्या की

**विदिशा।** करैयाखेड़ा क्षेत्र में 31 वर्षीय मनोज लोधी ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वह हम्माली का काम कर परिवार का पालन-पोषण करता था। परिजनों के अनुसार उसने पंखे के कुंदे से दुपट्टे का फंदा बनाकर कदम उठाया। मेडिकल कॉलेज ले जाने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित किया। सूचना मिलते ही सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पोस्टमार्टम कराया। प्रारंभिक जांच में पारिवारिक विवाद की आशंका है। उपनिरीक्षक बीडी सिंह ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि सभी पहलुओं पर जांच जारी है।

### पुलिस ने नाबालिग से चोरी की बाइक जब्त की

**विदिशा।** कोतवाली पुलिस ने एक नाबालिग बाइक चोर से चोरी की दो बाइक बरामद की हैं। कोतवाली टीआई आनंद राज ने बताया कि मुखबिर से सूचना प्राप्त होने पर टीम ने घेराबंदी कर संदिग्ध को पकड़ा। पूछताछ के दौरान बालक ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों से बाइक चोरी करना स्वीकार किया। उसकी निशानदेही पर 2 चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की गईं। जिनकी अनुमानित कीमत लगभग दो लाख रुपए बताई गई है। पुलिस आगे की विधिक कार्रवाई कर रही है। नाबालिग से पूछताछ की जा रही है कि उसने कहां कहां बाइक चोरी की वारदात की हैं।

### ओलंपस हाई में मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान समारोह 26 को

**विदिशा।** ओलंपस हाई परिसर में 26 अप्रैल को सुबह 9 बजे मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। दसवीं कक्षा में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में ट्रॉफी, प्रशस्ति पत्र, नगद पुरस्कार एवं छात्रवृत्ति के अवसर प्रदान किए जाएंगे। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड एवं मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल के अंग्रेजी माध्यम निजी विद्यालयों के विद्यार्थी पंजीयन करा सकते हैं। पंजीयन पूर्णतः निशुल्क है। इच्छुक विद्यार्थी 23 अप्रैल तक अपना पंजीयन सुनिश्चित करें। आयोजन का उद्देश्य मेधावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करना है।

## घायलों की हालत जानने पहुंचे कलेक्टर उचित इलाज के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

सिरोंज के भटौली गांव के पास गुरुवार शाम बस पलटने से हुए सड़क हादसे में घायल मरीजों का हाल जानने कलेक्टर अंशुल गुप्ता मेडिकल कॉलेज पहुंचे।

उन्होंने सर्जिकल वार्ड में भर्ती सभी 8 गंभीर मरीजों से बात कर उपचार व्यवस्थाओं का जायजा लिया और निर्देश दिए कि इलाज में किसी भी प्रकार की कमी न रहे। कलेक्टर ने घायलों को हर संभव सहायता का आश्वासन देते हुए उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। मेडिकल कॉलेज प्रबंधन द्वारा सभी मरीजों के लिए विशेष चिकित्सीय सुविधाएं सुनिश्चित की गई हैं। इस दौरान डीन डॉ. मनीष निगम, अधिष्ठाता अविनाश लागवे सहित चिकित्सक एवं स्टाफ मौजूद रहे।



### 24 अप्रैल तक होंगे गेहूं के स्लॉट बुक

**विदिशा।** समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी के मामले में एक संदेश वायरल हुआ है जिसमें गेहूं की तुलाई के लिए स्लॉट बुक करने के लिए 24 अप्रैल की तारीख दी हुई है। इस मैसेज के वायरल होने के बाद किसानों में असमंजस की स्थिति बन गई है। क्योंकि अभी तक छोटे किसानों के स्लॉट ही बुक हुए हैं। मध्यम और बड़े किसानों के स्लॉट बुक नहीं हुए हैं। विदिशा जिले में बड़े रकबे वाले किसानों की संख्या अच्छी खासी है। जिला खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी अनिल तंतुवाय का कहना है कि अभी 24 अप्रैल तक स्लॉट बुक करने की तारीख का यह मैसेज जनसंपर्क से जारी हुआ है।

### नटेरन में समर्थन मूल्य खरीदी केंद्र पर किसानों ने किया जमकर प्रदर्शन

## तुलाई में देरी और चना रिजेक्ट करने पर भड़के किसान समाधान नहीं होने पर चक्काजाम की चेतावनी दे डाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नटेरन

समर्थन मूल्य पर उपज खरीदी में आ रही समस्याओं को लेकर शुक्रवार को किसानों ने तहसील कार्यालय पर प्रदर्शन कर दिया।

किसानों ने तुलाई में देरी, स्लॉट बुकिंग में भेदभाव और उपज रिजेक्ट किए जाने के विरोध में नारेबाजी की। किसानों ने बताया कि गेहूं की तुलाई धीमी गति से हो रही है। सैटेलाइट सत्यापन में गड़बड़ी है। चना खरीदी में भी गुणवत्ता के नाम उपज रिजेक्ट की जा रही है। किसानों का कहना है कि मामूली प्राकृतिक भिन्नताओं पर भी चना रिजेक्ट किया जा रहा है। प्रदर्शन कर किसानों ने एसडीएम को ज्ञापन देकर 48 घंटे में समाधान नहीं होने पर चेतावनी दी कि समस्या हल नहीं हुई तो मियांखेड़ी चौराहे पर चक्काजाम किया जाएगा। एसडीएम ने किसानों को जल्द समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया है।



## दो बाल विवाह रुकवाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

ग्यारसपुर क्षेत्र के ग्राम मोहनपुर में दो नाबालिग बालिकाओं का बाल विवाह रुकवाया गया। प्रशासन और एक सामाजिक संगठन की टीम ने शुक्रवार को सूचना मिलने पर कार्रवाई की।

सूचना मिलते ही सोशल वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन और महिला एवं बाल विकास विभाग की संयुक्त टीम मौके पर पहुंची। टीम ने बालिकाओं के दस्तावेजों की जांच की, जिसमें पता चला कि एक बालिका की उम्र 14 वर्ष और दूसरी की 17 वर्ष थी। दोनों ही कानूनी विवाह आयु से कम थीं। शुरुआत में परिजनों ने परंपरा का हवाला देते हुए शादी कराने पर जोर दिया। इस दौरान माहौल तनावपूर्ण हो गया और रिश्तेदारों ने टीम पर दबाव बनाने की कोशिश की। जनप्रतिनिधियों के माध्यम से भी दबाव बनाने का प्रयास किया गया। हालांकि, टीम अपने कर्तव्य पर अडिग रही। टीम ने परिजनों को स्पष्ट रूप से समझाया कि 18 वर्ष से कम उम्र में बालिका का विवाह कराना कानूनन अपराध है और इसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं।



### नरवाई की आग में जली किसान की उम्मीदें

**विदिशा।** ग्राम सांगुल में शुक्रवार को नरवाई में लगी भीषण आग ने एक गरीब किसान का सब कुछ छीन लिया। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि किसान मुंशीलाल पिता उमकार अहिरवार का घर इसकी चपेट में आ गया। देखते ही देखते घर में रखी फसल, मेहनत की जमा पूंजी, नकदी राशि, घरेलू सामान और जरूरी कागजात जलकर राख हो गए। अपनी आंखों के सामने वर्षों की मेहनत को राख में बदलते देख मुंशीलाल खुद को संभाल नहीं पाए और उनकी आंखों से आंसू थमने का नाम नहीं ले रहे थे। परिवार के सामने अब रोजी-रोटी और रहने की चिंता खड़ी हो गई है। यह घटना पूरे गांव के लिए पीड़ादायक है। ग्रामवासियों से अपील है कि वे एकजुट होकर इस जरूरतमंद किसान की आर्थिक मदद के लिए आगे आएं, ताकि उसकी टूटी उम्मीदों को फिर से सहारा मिल सके।



### तीन दिवसीय परशुराम प्राकट्योत्सव प्रारंभ

**विदिशा।** ब्राह्मण महापंचायत, भगवान परशुराम सेवादल, युवा ब्राह्मण विकास परिषद एवं ब्राह्मण महिला मंडल के संयुक्त तत्वावधान में भगवान परशुराम का 26वां प्राकट्योत्सव 3 दिवसीय कार्यक्रमों के साथ प्रारंभ हुआ। प्रथम दिवस अटल बिहारी वाजपेई चिकित्सा महाविद्यालय की ब्लड बैंक में रक्तदान तथा तारा देवी हॉल में अक्षय उत्सव शॉपिंग मेला व सांस्कृतिक आयोजन होंगे। 19 अप्रैल को मानव सेवा न्यास में निराश्रितों को भोजन एवं गोपाल कृष्ण गौशाला में गौ-ग्रास सेवा की जाएगी। 20 अप्रैल, अक्षय तृतीया पर मोहनगिरी स्थित मंदिर में अभिषेक-पूजन के बाद शाम 4 बजे परशुराम चौक पेढ़ी चौराहे से शोभायात्रा निकलेगी।

## गोलाखेड़ा में नरवाई की आग से खेत और पेड़ों को नुकसान, एसडीएम सख्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आनंदपुर

ग्राम पंचायत गोलाखेड़ा में खेत की नरवाई में लगी आग से फसल अवशेषों के साथ कई पेड़ों को भारी नुकसान पहुंचा।

हाल ही में बढ़ती घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए लटेरी एसडीएम नितिन जैन ने सख्त रुख अपनाया है। उन्होंने पटवारियों को निर्देश दिए हैं कि जहां भी जानबूझकर नरवाई जलाई जाए, संबंधित किसानों पर प्रकरण दर्ज कर चालानी कार्रवाई की जाए। खसरे में जुर्माने का उल्लेख किया जाए। ग्राम पंचायत सुनखेर में वेयरहाउस के पास भी भीषण आग लगने से अफरा-तफरी मच गई थी। फायर ब्रिगेड को आग बुझाने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। गोपी तलाई क्षेत्र में भी नरवाई जलने की घटना सामने आई। प्रशासन ने किसानों से अपील की है कि नरवाई में आग लगाने से बचें, अन्यथा सख्त कार्रवाई होगी।



### जन सहभागिता से नदी पुनर्जीवन का दूसरा चरण 26 अप्रैल से

# बेतवा उदगम स्थल पर फिर गूंजेगा श्रमदान का स्वर

**पिछले साल श्रमदान कर बनाए थे 55 चेकपोस्ट**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

पर्यावरण संरक्षण और जल स्रोतों के पुनर्जीवन की दिशा में एक सराहनीय पहल के तहत बेतवा अध्ययन एवं जनजागरण समूह द्वारा झिरी गांव में बेतवा नदी के सूखे उद्गम स्थल पर 26 अप्रैल से 2 मई तक श्रमदान सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। यह अभियान जनभागीदारी के माध्यम से प्रकृति संरक्षण का सशक्त उदाहरण बनने जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि गत वर्ष प्रोफेसर अरविंद द्विवेदी सहित अलग अलग समूहों ने एक सप्ताह के श्रमदान से उद्गम स्थल पर 55 चेक डैम बनाए थे।, जिससे सकारात्मक परिणाम सामने आए और सूखते स्रोत में आंशिक जीवन लौटा। यह प्रयास दर्शाता है कि सामूहिक इच्छाशक्ति से बेतवा पर छाए संकट का समाधान संभव है।

### समाजसेवी संस्थाओं का मिल रहा सहयोग

इस वर्ष के अभियान में मध्य प्रदेश की अनेक समाजसेवी संस्थाएं सहयोग कर रही हैं। अभियान का नेतृत्व मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के पूर्व प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त डॉ. आरके पालीवाल तथा गांधीवादी चिंतक डॉ. सुरेश गर्ग कर रहे हैं। उनके साथ कई सेवानिवृत्त वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, समाजसेवी, पत्रकार, शिक्षक और युवा सक्रिय रूप से जुड़ रहे हैं।

### पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन बनाने अपील

समूह ने भोपाल सहित पूरे मध्यप्रदेश के संस्थानों, प्रकृति प्रेमियों और जागरूक नागरिकों से इस अभियान में सहभागी बनने की अपील की है। आयोजकों का मानना है कि नदियों का पुनर्जीवन केवल सरकारी योजनाओं से नहीं, बल्कि समाज की सहभागिता से संभव है। बेतवा का उद्गम स्थल केवल एक भौगोलिक स्थान नहीं, बल्कि हमारी प्राकृतिक धरोहर है। यदि हम आज जल स्रोतों को बचाने के लिए आगे नहीं आए, तो आने वाली पीढ़ियां हमें क्षमा नहीं करेंगी। यह श्रमदान सप्ताह पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन का रूप देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकता है।




## वर्धा गांव में नशामुक्ति शिविर में ग्रामीणों को दिलाई गई नशामुक्त समाज निर्माण की शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शमशाबाद

थाना शमशाबाद अंतर्गत ग्राम वर्धा में नशा मुक्ति अभियान के तहत जनचेतना शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन में संपन्न हुआ। शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में नशे के बढ़ते प्रभाव के विरुद्ध जागरूकता फैलाना एवं समाज को नशामुक्त दिशा में प्रेरित करना रहा।

कार्यक्रम में नशे के दुष्परिणामों पर विस्तार से जानकारी दी गई। उपस्थित ग्रामीणों को नशामुक्त समाज निर्माण की शपथ दिलाई गई तथा स्वयं नशे से दूर रहकर दूसरों को भी जागरुक करने की अपील की गई। ग्राम पंचायत द्वारा गांव में सीसीटीवी कैमरे लगाने की प्रक्रिया प्रारंभ करने की घोषणा की गई, जिससे सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ होगी।



**नशीले पदार्थों पर सख्ती के निर्देशः** एएसपी एसपी प्रशांत चौबे ने नशीले पदार्थों (पाउडर आदि) की अवैध बिक्री पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे व्यक्तियों की पहचान कर सूची तैयार कर निगरानी रखें। जन अभियान परिषद एवं ग्राम रक्षा समिति को सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया गया।

## खबर संक्षेप

### बालिका छात्रावास के विद्यार्थियों का सुयश

**गंजबासौदा।** कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय छात्रावास, उदयपुर की 3 की छात्राओं ने बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम देकर छात्रावास का नाम रोशन किया। कक्षा 12वीं में 28 में से 15 छात्राओं ने 75% से अधिक अंक प्राप्त कर लैपटॉप के लिए पात्रता हासिल की। छात्रावास में, संध्या किशोरी सहरिया 85.6% प्रथम, संजना पप्पू अहिरवार 83.6% द्वितीय और सोना रूपसिंह बंजारा 82.8% तृतीय स्थान पर रहीं। वहीं कक्षा 10वीं में 34 छात्राओं ने 100% परिणाम दिया। इसमें शिवानी शिवनारायण प्रजापति 94.4% प्रथम, अन्नू रूपसिंह अहिरवार 94% द्वितीय और राशि मोहनसिंह पाल 92% तृतीय स्थान पर रहे। छात्रावास अधीक्षिका शिवानी अरोरा ने छात्रावास परिवार के साथ छात्राओं को शुभकामनायें देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### पखवाड़े का हुआ समापन



**गंजबासौदा।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में ग्राम त्योंदा स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के सहयोग से "भारतीय संविधान के जनक" डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पखवाड़े के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर विभिन्न जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनमें डॉ. अंबेडकर के चित्र, प्रतिमा पर माल्यार्पण, संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पठन तथा हस्ताक्षर दीवार प्रीएंबल वॉल के माध्यम से संवैधानिक मूल्यों के प्रति प्रतिज्ञा दिलाई गई। साथ ही संविधान के महत्व एवं डॉ. अंबेडकर के योगदान पर संगोष्ठी एवं संबोधन आयोजित किया गया, जिसमें सामाजिक न्याय, समानता एवं संवैधानिक अधिकारों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। विद्यार्थियों द्वारा नुक्कड़ नाटक, स्ट्रीट प्ले के माध्यम से भी इन विषयों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत निबंध लेखन, पोस्टर निर्माण, चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया तथा उन्हें उपहार प्रदान किए गए। कार्यक्रम में समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले, विजय अरोरा, विद्यालय प्रभारी मनीष कुमार, शिक्षक देवेंद्र दिवाकर, अनिता दरोई सहित शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से संविधान के मूल्यों, समानता, न्याय एवं अधिकारों के प्रति जागरूकता का सशक्त संदेश दिया गया।

# नपा ने स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 के अंतर्गत नगर पालिका परिषद द्वारा स्वच्छता अभियान को जन-जन तक पहुंचाने हेतु महत्वपूर्ण पहल की गई है। इसी क्रम में समाजसेवी अशोक अग्रवाल मंकूजी एवं राकेश खंडेलवाल को स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया गया है। नगर पालिका अध्यक्ष अनिल शशि यादव ने कहा कि ब्रांड एंबेसडर की भूमिका नगर में स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण होगी। मुख्य नगरपालिका अधिकारी रवि प्रकाश श्रीवास्तव ने आशा व्यक्त की है कि ब्रांड एंबेसडर द्वारा नगर की स्वच्छता के प्रति सार्थक कार्य किए जाएंगे तथा नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। इस अवसर पर स्वास्थ्य एवं चिकित्सा समिति की सभापति ऋचा भावसार पार्षद प्रतिनिधि संजय भावसार द्वारा ब्रांड एंबेसडरों को सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। आवरण सोशल वेलफेयर सोसाइटी से आरके नेमा और अभिषेक शर्मा एवं उनकी टीम भी उपस्थित रही। नगर पालिका परिषद ने विश्वास जताया है कि इस पहल से स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 में नगर उत्कृष्ट प्रदर्शन करेगा और स्वच्छता के क्षेत्र में नई पहचान बनाएगा।



## न्यायाधीश ने दोषियों को 6-6 हजार के अर्थदंड से भी दंडित किया

# प्रशांत यादव हत्याकांड के तीन दोषियों को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

बरेठ रोड नया बस स्टेण्ड पर हुए जघन्य एवं सनसनीखेज हत्या के मामले में न्यायाधीश द्वारा तीन दोषियों को आजीवन कारावास एवं 6-6 हजार रूपये के जुर्माने से दण्डित किया है।

शासकीय अधिवक्ता सुरेन्द्र सिंह राजपूत द्वारा बताया गया कि दिनांक 15.02.2023 की रात्रि की घटना है। जिसमें फरियादी अमित यादव ने बताया कि संस्कार मैरिज गार्डन में शादी में सम्मिलित होने अपने भाई प्रशान्त यादव व उसके दोस्तों के साथ गए हुए थे। तभी संस्कार मैरिज गार्डन के मेन रोड पर आरोपीगणों ने पुरानी रंजिश पर प्रशान्त यादव को छाती एवं पैरों में चाकू मारे एवं डण्डे से भी मारपीट कर दी। घटना का बीच-बचाव दोस्तों द्वारा किया गया और इस दौरान मैं और मेरा दोस्त घायल हो गया। सभी लोग फिर प्रशान्त और घायल दोस्त को लेकर शासकीय राजीव गांधी जनचिकित्सालय लेकर गए जहां उपचार के दौरान प्रशान्त की मृत्यु हो गई। उक्त घटना की रिपोर्ट फरियादी द्वारा शहर थाना में दर्ज कराई गई। जिस पर पुलिस ने धारा 302, 307, 294, 323, 34 भादंवि का प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया। जिसमें साक्षियों एवं चक्षुदर्शी साक्षियों के कथन लेखबद्ध किये गये। पुलिस द्वारा उक्त प्रकरण की सम्पूर्ण विवेचना कर प्रकरण न्यायालय में पेश किया गया। अभियोजन द्वारा उक्त प्रकरण में 18 अभियोजन साक्षी एवं आहत और चक्षुदर्शी साक्षियों के बयान कराये गये। शासकीय अधिवक्ता के तर्क एवं बहस और प्रस्तुत साक्ष्यों से सहमत होते हुए प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश राकेश कुमार ठाकुर के न्यायालय द्वारा तीन आरोपीगण संजय रघुवंशी, अंशुल रघुवंशी, राशिद खान को धारा 302, 307, 34 भादंवि में दोषसिद्ध पाते हुए आजीवन कारावास एवं 6-6 हजार रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। अभियोजन की ओर से अपर लोक अभियोजक सुरेन्द्र सिंह राजपूत द्वारा पैरवी की गई। मामले में शीघ्र निराकरण हेतु कोर्ट मोहर्रिर आरक्षक रीतेश तिवारी द्वारा सहयोग किया गया।




## वार्ड 15 बना स्वच्छता, आत्मनिर्भता की मिसाल




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शहर के वार्ड क्रमांक 15 के सिटी सेंटर स्थित रहवासी परिवारों ने स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 के तहत एक अभिनव पहल करते हुए पूरे नगर के लिए मिशाल पेश की है। लगभग 400 परिवारों वाले इस वार्ड में प्रतिदिन 200 से 300 किलो तक गीला कचरा निकलता था, जिसके उचित प्रबंधन के लिए वार्डवासियों ने सामूहिक रूप से कंपोस्ट पिट बनाने का निर्णय लिया। सभी निवासियों के सहयोग से कंपोस्ट पिट का निर्माण किया गया और रोजाना निकलने वाले गीले कचरे को उसमें डालना शुरू किया गया। इस प्रयास का परिणाम 45 से 90 दिनों के भीतर देखने को मिला, जब पहली बार जैविक कंपोस्ट खाद तैयार हुई। वार्डवासियों ने तैयार खाद को नपा के सहयोग से 5000 रुपए में बेचना शुरू किया, जिससे वार्ड को हर महीने लगभग 5000 से 6000 रुपए की आय होने लगी। इस आय का उपयोग वार्ड के विकास कार्यों में करने का निर्णय लिया गया। प्राप्त राशि से वार्ड में डस्टबिन लगाए गए, साथ ही स्वच्छता से संबंधित पेंटिंग और सौंदर्यीकरण कार्य भी किए गए। इस पहल से न केवल वार्ड स्वच्छ और सुंदर बना, बल्कि आर्थिक रूप से भी आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ा। वार्ड 15 की यह पहल शहर के अन्य वार्डों के लिए प्रेरणा बन रही है, जहां कचरे से आय प्राप्त कर विकास की नई राह दिखाई गई है।

## आचार्य विद्यावैली स्कूल का उत्कृष्ट प्रदर्शन








हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगर के आचार्य विद्यावैली हायर सेकेण्ड्री स्कूल का परीक्षा परिणाम गत वर्षों की तरह इस वर्ष भी श्रेष्ठ रहा है। बोर्ड परीक्षा कक्षा 10 वीं की सृष्टि अहिरवार ने प्रदेश की प्रावीण्य सूची में 98.2% अंक प्राप्त कर नौवां स्थान पाया। वहीं प्रार्थना मीणा ने 90.4% अंक प्राप्त किए, अदिति नामदेव ने 88.4% अंक, निकुंज सिसौदिया ने 88% अंक तथा चाहत सूर्यवंशी ने 81.4% अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। इसी प्रकार कक्षा 12th में कॉमर्स संकाय में दान्य समैया ने 95.8% अंक प्राप्त कर जिले की प्रावीण्य सूची में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। गणित संकाय में विद्यालय में प्रथम स्थान पर रही है श्रद्धा नामदेव, जिसने 94.8% अंक प्राप्त किए हैं। श्रव्या अग्रवाल ने जीव विज्ञान संकाय में 94.4%, पलक राजपूत ने कॉमर्स संकाय में 92.8% अंक प्राप्त कर विद्यालय में पहला स्थान पाया है। कार्तिक दांगी ने मैथ्स संकाय में 92.6% अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान विद्यालय में प्राप्त किया। कृष्णम अग्रवाल गणित संकाय में विद्यालय में तृतीय स्थान प्राप्त किया है। जीव विज्ञान संकाय में विद्यालय में राज मीणा ने 90% अंक प्राप्त कर विद्यालय में तृतीय स्थान प्राप्त किया। उज्ज्वल शर्मा ने 81% अंक प्राप्त किए है। वहीं कॉमर्स संकाय में तृतीय स्थान प्राप्त किया है बहन अनमोल राय ने जिन्होंने 91.8% अंक प्राप्त किए हैं। कला संकाय में विद्यालय की तनु रघुवंशी ने विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है, जबकि कला संकाय में चंचल आहिरवार ने द्वितीय स्थान तथा सिद्धांत राय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है। छात्रों की सफलता पर विद्यालय डायरेक्टर्स प्रणय जैन, पंकज जैन, सतेंद्र सिंह राजपूत, अशोक जैन तथा प्राचार्य वीरेन्द्र सक्सेना ने सभी छात्र, छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की है। प्रणय जैन ने बताया कि हमारे विद्यार्थी शिक्षा के साथ अन्य सभी गतिविधियों में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर रहे हैं। विशेष रूप से खेल कूद में प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर तक हमारे विद्यार्थियों ने गोल्ड मेडल एवं सिल्वर मेडल जीतकर विद्यालय का एवं नगर का नाम रोशन किया है।

## नवांकुर, डॉल्फिन, तपोवन के 9 विद्यार्थी राज्य व जिले की सूची में

# नवांकुर के चार विद्यार्थी जिले की प्रावीण्य सूची में शामिल






हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित हाई स्कूल के परीक्षा परिणाम में नवांकुर, डॉल्फिन के जहाँ एक और पांच विद्यार्थियों ने राज्य की प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त किया, वहीं प्राप्त सूचना के अनुसार चार विद्यार्थियों ने जिले की प्रावीण्य सूची में भी अपनी जगह बनाई है। डॉल्फिन, तपोवन के कुल नौ विद्यार्थियों ने राज्य अथवा जिले की प्रावीण्य सूची में स्थान हासिल किया है। नवांकुर हायर सेकेंडरी गणित संकाय की छात्रा प्रशंसा सुमन पुत्री कमल सिंह सुमन ने 481 अंक प्राप्त कर जिले में प्रथम व छवि लोधी पुत्री राजेश लोधी ने 480 अंक हासिल करके जिले की प्रावीण्य सूची में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। नवांकुर हाई स्कूल की छात्रा पूर्वी बघेल पुत्री दिनेश सिंह बघेल ने 489 अंक तथा नवांकुर हाई स्कूल तपोवन की छात्रा मोक्षा विश्वकर्मा पुत्री देवेंद्र कुमार विश्वकर्मा ने भी 489 अंक लेकर जिले की प्रावीण्य सूची में प्रथम स्थान हासिल किया है। उल्लेखनीय है कि मोक्षा विश्वकर्मा नवांकुर तपोवन हाईस्कूल के प्रथम बैच की छात्रा है, जिसने विद्यालय के आरंभ होने के प्रथम वर्ष में ही जिले की प्रावीण्यता सूची में प्रथम स्थान हासिल करके इतिहास बनाया है। जबकि नवांकुर से सुहानी भदौरिया, गौरव कुशवाह, डॉल्फिन से उपासना जाट, मनन सुमन और भाविका राठौर ने राज्य की प्रवीण्य सूची में स्थान प्राप्त किया है। हायर सेकेंडरी विभाग में कुल 254 विद्यार्थियों में से 239 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए, जिनमें 227 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में आए। विद्यालय का परीक्षा परिणाम 94.48 प्रतिशत रहा। 157 विद्यार्थियों ने 75% से अधिक अंक प्राप्त किये, जिन्हें मुख्यमंत्री द्वारा लैपटॉप खरीदने के लिए राशि प्राप्त करने की पात्रता होगी। विद्यालय के प्राचार्य शैलेंद्र कुमार दीक्षित, पहलवान सिंह राजपूत, केशव लाहौरी, संदीप कुमार रावत, रामबाबू पांचाल, सुनील भावसार सहित विद्यालय परिवार ने सभी सफल विद्यार्थियों बधाईयां देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की है।

## नाबालिग बालिका को परिजनों के सुपुर्द किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

ऑपरेशन मुस्कान के तहत शहर थाना पुलिस ने नाबालिग बालिका को राजस्थान से सकुशल दस्तयाब करने में सफलता प्राप्त की है। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन एवं एसडीओपी शिखा भलावी के मार्गदर्शन में तथा शहर थाना प्रभारी संजय वेदिया के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर प्रभावी कार्रवाई की गई। दिनांक 11.04.2026 को फरियादी द्वारा अपनी 13 वर्ष 10 माह की नाबालिग पुत्री को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर ले जाने संबंधी रिपोर्ट शहर थाने में दर्ज कराई गई थी। जिस पर धारा 137(2) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में गठित पुलिस टीम द्वारा सतत पतारसी एवं तकनीकी, भौतिक साक्ष्यों के विश्लेषण के आधार पर दिनांक 16.04.2026 को नाबालिग बालिका को जिला बारां राजस्थान से सकुशल दस्तयाब किया गया। तत्पश्चात बालिका के न्यायालय में कथन कराए जाकर उसे विधिवत परिजनों के सुपुर्द किया गया। उक्त सराहनीय कार्रवाई में निरीक्षक संजय वेदिया, सतेंद्र रावत, अभिषेक शुक्ला, शिवानी मिश्रा की विशेष भूमिका रही। पुलिस ने आमजन से अपील कि है किसी भी गुमशुदगी की सूचना तत्काल नजदीकी थाना या डायल-112 पर दें, जिससे समय रहते त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

## कुर्मी समाज ने विधायक का सम्मान किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

कुर्मी समाजजनों द्वारा विधायक हरिसिंह रघुवंशी के कार्यकाल में कुर्मी क्षत्रिय समाज की धर्मशाला को दिए गए योगदान के लिए कुर्मी समाज सामाजिक सांस्कृतिक सेवा संस्थान द्वारा विधायक को सम्मान पत्र भेंटकर सम्मानित किया गया एवं आभार माना गया। सम्मान पत्र में बताया गया कि विधायक हरिसिंह रघुवंशी द्वारा प्रथम कार्यकाल में कुर्मी समाज धर्मशाला निर्माण हेतु बेदनखेड़ी बायपास मार्ग पर भूमि उपलब्ध कराकर एवं 200000 रूपये विधायक निधि से भवन निर्माण कराया। दूसरे कार्यकाल में बाउण्ड्री निर्माण हेतु 100000 रूपये की राशि विधायक निधि से उपलब्ध कराई गई एवं तीसरे कार्यकाल में भवन निर्माण हेतु 500000 रुपये विधायक निधि से स्वीकृत किए गए हैं।

## इलाके में गर्मी का प्रकोप तेज हुआ



न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

इलाके भर में विगत दिनों बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि होने के बाद एक बार फिर मौसम ने करवट ली है जिसके चलते चार, पांच दिनों से इलाके भर में गर्मी का प्रकोप तेज हो गया है। गर्मी के कारण लोग बगैर काम के अपने घरों से बाहर नहीं निकल रहे हैं। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियश रहा। भीषण गर्मी के चलते छोटे बच्चे और बुजुर्ग परेशान दिखाई दिए। लोग बाजार में गर्मी से बचने केप, दुपट्टा, चश्मा आदि पहनकर निकल रहे हैं।

# सात दिवसीय श्री राम जन्मोत्सव पर भक्ति से थिरक उठा मूड़रीधाम




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मूड़रीधाम स्थित श्री राम जानकी मंदिर में आयोजित सात दिवसीय श्रीराम कथा में शुक्रवार को भगवान श्रीराम जन्मोत्सव का प्रसंग अत्यंत श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। चित्रकूटधाम से आए कथावाचक लोकेन्द्र दास महाराज ने जब राम जन्म का वर्णन किया तो पूरा पंडाल "जय श्रीराम" के जयघोष से गूंज उठा और श्रद्धालु भावविभोर हो गए। कथा के दौरान भगवान श्रीराम के जन्म की आकर्षक झांकी सजाई गई। भजन कीर्तन, मंगल गीतों और पुष्प वर्षा के बीच श्रद्धालु झूम उठे और पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। इस अवसर पर कथा के मुख्य यजमान अखैसिंह मैना ने सपत्नीक विधि-विधान से व्यासपीठ का पूजन किया। कथावाचक लोकेन्द्र दास जी महाराज ने राम जन्म के" प्रसंग का भी भावपूर्ण वर्णन करते हुए कहा कि "भगवान श्रीराम का अवतरण अधर्म के नाश और धर्म की स्थापना के लिए हुआ। उनका जीवन हमें सत्य, मर्यादा, कर्तव्य और त्याग का मार्ग दिखाता है।" राम जन्म का प्रसंग यह संदेश देता है कि जब-जब पृथ्वी पर अन्याय और अधर्म बढ़ता है, तब ईश्वर किसी न किसी रूप में अवतार लेकर संतों और सज्जनों की रक्षा करते हैं। श्रीराम का जन्म केवल एक ऐतिहासिक घटना नहीं, बल्कि आदर्श जीवन जीने की प्रेरणा है। उनका जीवन हमें सिखाता है कि कठिन परिस्थितियों में भी धर्म और मर्यादा का साथ नहीं छोड़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि श्रीराम ने अपने जीवन के प्रत्येक चरण में मर्यादा, सत्य, कर्तव्य और त्याग का पालन किया। उन्होंने सिखाया कि कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी धर्म का साथ नहीं छोड़ना चाहिए। एक आदर्श पुत्र, आदर्श भाई, आदर्श पति और आदर्श राजा के रूप में उनका जीवन प्रत्येक व्यक्ति के लिए प्रेरणा है। राम जन्म का संदेश यह भी है कि समाज में समरसता, सेवा और सद्भाव बनाए रखने के लिए हमें अपने आचरण को मर्यादित और संस्कारित रखना चाहिए। जब व्यक्ति अपने कर्तव्यों का पालन ईमानदारी से करता है, तभी एक सशक्त और आदर्श समाज का निर्माण होता है। राम कथा केवल धार्मिक श्रवण नहीं, बल्कि जीवन को सही दिशा देने वाला एक मार्ग है, जो हर व्यक्ति को भीतर से मजबूत और संस्कारित बनाती है। मूड़रीधाम के महंत 108 परशुराम दास महाराज ने श्रद्धालुओं को राम जन्मोत्सव की बधाइयां देते हुए टॉफियां वितरित कीं। उल्लेखनीय है कि यह श्रीराम कथा 20 अप्रैल को अक्षय तृतीया के अवसर पर आयोजित होने वाले 31 जोड़ों के निशुल्क सामूहिक विवाह के उपलक्ष्य में आयोजित की जा रही है, जिसमें बड़ी संख्या श्रद्धालु पहुंचकर धर्म लाभ ले रहे हैं।

कार्य में प्रगति नहीं लाने वाले लापरवाह अधिकारी और कर्मचारियों पर होगी कठोर कार्रवाई

# गर्भवती माताओं, हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की करें विशेष निगरानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



मातृ-शिशु मृत्यु दर रोकने हर संभव प्रयास करें, गर्भवती माताओं, हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की विशेष निगरानी करे एवं गर्भवती माता का पंजीयन एवं सभी जांचें भी समय पर करें। कार्य में प्रगति न लाने वाले अधिकारी कर्मचारियों पर कठोर कार्यवाही की जाएगी। उक्त निर्देश कलेक्टर प्रतिभा पाल ने जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्य पालन अधिकारी विवेक के वी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर आर्य, सिविल सर्जन डॉक्टर आर एस जयंत सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

कलेक्टर प्रतिभा पाल ने जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में जिले में संचालित स्वास्थ्य सेवाओं एवं विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। कलेक्टर ने मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को शून्य पर लाने के लक्ष्य के साथ निर्देश दिए कि इनकी स्पेशल ट्रैकिंग करते हुए जितनी भी हाई रिस्क गर्भवती महिलाएं चिन्हित की गईं हैं, उनकी सूची बीएमओ के पास अनिवार्य रूप से होनी चाहिए। ऐसी महिलाओं की एएनएम और आशा कार्यकर्ता विशेष निगरानी करें। किसी भी आपात स्थिति में उन्हें बिना देरी के उच्च स्वास्थ्य केंद्र पहुँचाया जाए। उन्होंने कहा कि सभी गर्भवती महिलाओं का एएनसी समय पर किया जाए, जिससे मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य में सुधार सुनिश्चित हो सके। साथ ही उन्होंने किशोरी बालिकाओं को स्वास्थ्य, पोषण एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने स्पष्ट शब्दों में निर्देश दिए कि कार्य में प्रगति न लाने वाले अधिकारी कर्मचारियों पर कड़ी अनुशासनात्मक कार्य वाही सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने स्वास्थ्य संस्थानों में चिकित्सकों एवं स्टाफ की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। बैठक में आयुष्मान भारत योजना, टीकाकरण, संस्थागत प्रसव तथा मौसमी बीमारियों की रोकथाम को लेकर भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने कहा कि आम नागरिकों को समय पर, गुणवत्तापूर्ण और संवेदनशील स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्रों में आवश्यक उपकरण, दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता, साफ-सफाई तथा मरीजों को बेहतर सुविधाएं देने के निर्देश दिए। किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश भी दिए गए। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिले के प्रत्येक व्यक्ति की 'आभा आईडी' बनाई जाए। इससे मरीज का पूरा मेडिकल इतिहास (पुरानी बीमारियां, जांच रिपोर्ट, दवाएं) डिजिटल रूप से सुरक्षित रहेगा। मरीज को भारी-भरकम फाइलें लेकर घूमने की जरूरत नहीं होगी। वहीं दूसरी ओर डॉक्टर को इलाज करने में आसानी होगी। इससे स्क्रीनिंग में भी मदद मिलेगी। स्वास्थ्य विभाग के अतिरिक्त उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी को भी निर्देशित किया कि वे हर बच्चे की आभा आईडी बनना सुनिश्चित करेंगे। कलेक्टर प्रतिभा पाल द्वारा निर्देश दिये गये कि सेक्टरवार कार्य किया जाये। पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाये जायें। मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने के लिये माता एवं शिशु को प्रदाय की जा रही सेवाओं की गहन समीक्षा एवं मातृ एवं शिशु मृत्यु रोकने पर विशेष ध्यान दिया जाये।

# कलेक्टर ने मेडिकल कॉलेज पहुंचकर घायलों से किया संवाद, इलाज व्यवस्थाओं का लिया जायजा

## बस पलटने से हुए सड़क हादसे में घायल मरीजों को देखने पहुंचे गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज



गुरूवार शाम ग्राम भटौली के पास हुए सड़क हादसे में घायल सभी 8 मरीजों को बेहतर चिकित्सीय प्रबंध सुनिश्चित करने के कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने निर्देश दिए।

शुक्रवार को कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने विदिशा मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचकर यहां भर्ती 8 गंभीर मरीजों से संवाद कर इलाज की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने यहां भर्ती सभी 8 मरीजों को चिकित्सीय सुविधाओं में किसी भी प्रकार की कमी न होने पाए और समय पर सभी चिकित्सीय सुविधाएं मुहैया हों के प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर श्री गुप्ता ने मेडिकल कॉलेज के सर्जिकल वार्ड में भर्ती सभी मरीजों के पास पहुंचकर उनसे संवाद किया और हर संभव मदद का आश्वासन देते हुए ढांढस बंधाते हुए सभी मरीजों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। गौरतलब हो कि सिरोंज के ग्राम भटौली के पास गुरुवार की सांय काल सड़क हादसे में बस पलटने से हुए घायल सभी 8 मरीजों को अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल के थर्ड फ्लोर स्थित सर्जिकल वार्ड में भर्ती कराया जाकर उचित उपचार के प्रबंध सुनिश्चित किए गए हैं, मेडिकल कॉलेज प्रबंधन द्वारा गंभीर घायल मरीजों को विशेष चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराने की व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। इस दौरान अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय डीन डॉक्टर मनीष निगम, मेडिकल कॉलेज अधिष्ठाता अविनाश लागवे सहित मेडिकल कॉलेज अस्पताल के डॉक्टर, नर्स सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

15 से 17 तक किया आयोजन

# शासकीय एलबीएस कॉलेज में प्रथम बैच जनगणना प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

जनगणना 2027 के प्रथम चरण में मकान सूचीकरण कार्य से संबंधित प्रशिक्षण 15 अप्रैल से 17 अप्रैल तक प्रथम बैच शासकीय एल बी एस कॉलेज में रखा गया। वही 17 अप्रैल को समापन पर जनगणना निदेशालय भोपाल से जिला प्रभारी दीक्षा केशरवानी एवं जिला मास्टर ट्रेनर चन्द्रजीत सिंह रघुवंशी उपस्थित हुए और प्रशिक्षणार्थियों से रूबरू होकर उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया। प्रशिक्षण में चार्ज अधिकारी तहसीलदार संजय चौरसिया एवं मास्टर ट्रेनर चंद्र प्रकाश व्यास,संघप्रिय गौतम,संजीव माथुर,आनंद शर्मा,सुश्री कीर्ति द्वारा जनगणना में लगाए गये प्रगणकों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

हाई स्कूल टॉपर निर्मला के विद्यार्थी

# निर्मला कॉन्वेंट की छात्रा जेनी तलरेजा रहीं नगर में प्रथम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज











सीबीएसई बोर्ड हाईस्कूल परीक्षा में निर्मला कॉवेंट स्कूल की छात्रा जेनी तलरेजा ने 97.4 प्रतिशत अंकित अर्जित कर नगर में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं छात्र हर्ष माथुर ने 97 प्रतिशत अंक अर्जित कर द्वितीय स्थान तथा छात्र प्रयाग साहू 95 प्रतिशत अंक के साथ नगर में तृतीय स्थान पर रहे।

इसी प्रकार छात्रा परी गोयल 94.6 प्रतिशत अंक के साथ नगर में चतुर्थ स्थान पर रहीं तथा छात्र अमरदीप तिग्गा ने 93.2 प्रतिशत अंक अर्जित कर नगर में पंचम स्थान प्राप्त किया। निर्मला स्कूल के विद्यार्थियों ने प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी उत्कृष्ट प्रदर्शन जारी रखते हुये नगर के पहले पाँच स्थानों पर अपना कब्जा जमाया शैक्षणिक सत्र 2025-26 हाई स्कूल परीक्षा अंतर्गत विद्यालय के कुल 150 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुये जिनमें से 10 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक, 29 ने 80 प्रतिशत से अधिक, 43 ने 70 प्रतिशत से अधिक तथा 36 विद्यार्थियों ने 60 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित किया वही 23 विद्यार्थियों ने 50 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित किये। विद्यार्थियो के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर विद्यालय के प्रबंधक फादर एण्टोनी एवं प्राचार्य सिस्टर टेंसी द्वारा विद्यार्थियों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुये उन्हें शुभकामनायें दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना। विद्यालय प्रबंधन के द्वारा समस्त पालकों एवं शिक्षकों को उनके सहयोग हेतु धन्यवाद दिया।

## सशक्त महिला ने किया समर्थ महिला का सम्मान



**सागर**। भारतीय स्त्री शक्ति की मध्यप्रदेश अध्यक्ष-डॉ. प्रतिभा तिवारी ने गुरुवार को संगठन के प्रतिनिधिमंडल के साथ सागर की नवागत जिलाधीश प्रतिभा पाल से सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल द्वारा जिलाधीष प्रतिभा पाल का पुष्प गुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिनंदन करते हुए जिलाधीश के सम्मान में डॉ. प्रतिभा तिवारी ने कहा कि आपकी नेतृत्व क्षमता को देखकर सभी महिलाओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनेगी। क्योंकि सशक्त नारी सशक्त समाज और सशक्त भारत यही उन्नति महिलाओं का पूर्ण सम्मान है। भेंट के दौरान भारतीय स्त्रीशक्ति के विभिन्न विषयों पर महिला सशक्तिकरण, सामाजिक सहभागिता एवं क्षेत्रीय विकास से जुड़े सकारात्मक विषयों की जानकारी से डॉ. प्रतिभा तिवारी ने उन्हें अवगत कराया। जिलाधीष प्रतिभा पाल ने संगठन के कार्यों की सराहना करते हुए भविष्य में सहयोग का आश्वासन दिया।

## खुरई में वाहन की टक्कर से दो छात्राएं घायल, कॉलेज से लौटते समय हादसा

**खुरई**। नेशनल हाईवे खुरई-बीना रोड पर शुक्रवार को सड़क हादसा हो गया। डिग्री कॉलेज के पास पेट्रोल पंप के सामने एक मालवाहक वाहन ने स्कूटी को टक्कर मार दी, जिसमें दो छात्राएं गंभीर रूप से घायल हो गईं। घायल छात्राओं की पहचान नानक वार्ड खुरई निवासी रिशिता तिवारी (20) और सौम्या जैन (19) के रूप में हुई है। दोनों कॉलेज से प्रैक्टिकल देकर स्कूटी से घर लौट रही थीं। जानकारी के अनुसार, जैसे ही छात्राओं ने हाईवे पर स्कूटी मोड़ी, उसी दौरान पीछे से आ रहे मालवाहक ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर के बाद वाहन सड़क से नीचे उतर गया। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने 108 एंबुलेंस को सूचना दी। दोनों छात्राओं को सिविल अस्पताल खुरई पहुंचाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें सागर रेफर कर दिया गया। दोनों छात्राओं के हाथ और पैरों में गंभीर चोटें आई हैं। रिशिता तिवारी के चेहरे पर भी गंभीर चोटें बताई जा रही हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## नगर निगम परिषद का विशेष सम्मेलन आज

**सागर**। नगर निगम परिषद का विशेष सम्मेलन 18 अप्रेल शनिवार को दोपहर 1 बजे से नगर निगम सभाकक्ष पुराने भवन में आयोजित किया गया है। सम्मेलन में शासनादेश अनुसार नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा दिनांक 10 से 25 अप्रैल तक विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

# 7 दिवसीय शिवमहापुराण कथा पूर्व निकाली कलश शोभायात्रा

## शोभायात्रा का पुष्प वर्षा से स्वागत, कथा हुई प्रारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली

महेशपुरम में नव निर्मित मंदिर में श्रीशिव दरबार के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अन्तर्गत 7 दिवसीय धार्मिक आयोजन जिसमें यज्ञ के साथ श्री शिव महापुराण कथा हो रही है। संकट मोचन हनुमान मंदिर से धूमधाम के साथ कलश शोभायात्रा प्रारंभ हुई स्थान-स्थान पर पुष्प वर्षा कर स्वागत धार्मिक श्रद्धालुओं ने पूजन किया।

### रथ में सवार रहे पूज्य ब्रम्हचारी जी

महेशपुरम कालौनी में 7 दिवसीय धार्मिक आयोजन की 17 अप्रैल को शुरुआत हुई। महामण्डलेश्वर पू. ब्रम्हचारी जी को रथ में बैठा कर निकली शोभायात्रा में पुरुषों के साथ महिलाओं की भारी उपस्थिति रही। शोभायात्रा में मुख्य यजमान सोनू रघुवंशी अपनी पत्नी के साथ सिर पर शिव पुराण ग्रंथ लेकर आगे चलते रहे।

छींद धाम सेवक कृष्ण कुमार रघुवंशी, सुरेश पाठक सहित अनेक हिन्दू संगठनों के पदाधिकारियों, गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम स्थल पर शोभायात्रा के समापन बाद प्रथम दिवस की कथा में विधी विधान से पूजन और पूं. बृम्हचारी जी द्वारा शिव पुराण कथा श्रवण के महत्व का वर्णन किया गया। महेश पुरम में प्रतिदिन सुबह से हवन और दोपहर में 2 बजे से शाम 5 बजे तक शिव महापुराण कथा होगी।

कार्यक्रम संयोजक कृष्ण कुमार रघुवंशी छींद धाम सेवक ने सभी धार्मिक श्रद्धालुओं से कथा श्रवण की अपील की है।

## वन रक्षक हरिकेश गुर्जर को दी श्रद्धांजलि, निकाला कैंडल मार्च



हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली

मप्र वन कर्मचारी संघ, रायसेन द्वारा शुक्रवार शाम को कैंडल मार्च निकालकर वनरक्षक स्व. हरिकेश गुर्जर को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। यह कैंडल मार्च सामान्य वन मंडल कार्यालय से प्रारंभ होकर महामाया चौक स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी प्रतिमा तक पहुंचा, जहां श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई।

कैंडल मार्च में वन विभाग के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में वनकर्मी शामिल हुए। सभी ने हाथों में मोमबत्तियां लेकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और उनके बलिदान को याद किया।

कार्यक्रम के दौरान पूरे मार्ग में गमगीन माहौल रहा और कर्मचारियों ने दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धासुमन अर्पित किए। बताया गया कि मुरैना जिले के अंबाह वन परिक्षेत्र में पदस्थ वनरक्षक स्व. हरिकेश गुर्जर ने वन सुरक्षा के दौरान अपने प्राणों की आहुति दी थी। कर्तव्य निर्वहन के दौरान रेत माफियाओं द्वारा योजनाबद्ध तरीके से उनकी बेरहमी से हत्या कर दी गई थी, जिससे पूरे वन विभाग में शोक की लहर फैल गई थी।

वार्षिक बोर्ड परीक्षाओं का परिणाम हुआ घोषित

# मानिक लाल नाहर स्कूल के छात्रों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली




नगर की अग्रणी शिक्षण संस्था मानिक लाल नाहर हा.से. स्कूल के छात्र-छात्राओं ने 10 वीं, 12 वीं की बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय एवं परिवार का नाम रौशन किया। कक्षा 10 की छात्रा तमन्ना बी ने 91.30 प्रतिशत, जिया खान ने 90.60 प्रतिशत, अमर रघुवंशी ने 87.80 प्रतिशत, निदा खान ने 87.20 प्रतिशत, शीतल धाकड़ ने 87 प्रतिशत, ऋषिका धाकड़ ने 85.80 प्रतिशत, खुशी धाकड़ ने 85.40 प्रतिशत, आपला खान ने 84.20 प्रतिशत, वान्या गुप्ता ने 81.60 प्रतिशत, अरविन्द अहिरवार ने 81.40 प्रतिशत, सत्यम गुप्ता ने 80 प्रतिशत, मधुर सिलावट ने 77.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर परीक्षा उत्तीर्ण की।

कक्षा 12 वीं में ललित धाकड़ ने 81.4 प्रतिशत, अथर्व धाकड़ 80.8 प्रतिशत, कल्पना साहू 80.9 प्रतिशत, महक बी 78 प्रतिशत, तयवा खान 74.4 प्रतिशत, सक्षम राय ने 72.2 प्रतिशत, संयोगिता राजपूत ने 71 प्रतिशत, कामर्स ग्रुप में मोनिका ठाकुर 79.8 प्रतिशत, अंकित ठाकुर 72.6 प्रतिशत, नितिशा राजपूत 71.6, वायो में जिया शर्मा 71.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर परीक्षा उत्तीर्ण की। कक्षा 10 वीं, 12 वीं के परीक्षा के परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर विद्यालय की संस्था संचालक श्रीमति अर्चना नाहर, संरक्षक अजय नाहर ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। छात्रों में भारी हर्ष बना हुआ है।

## पूजा पब्लिक स्कूल की छात्रा तनु ने जिले में पाया दूसरा स्थान

**बरेली**। नगर के पूजा पब्लिक स्कूल की छात्रा तनु ठाकुर ने कक्षा 10 वीं में 97.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर



जिले की प्रवीण्य सूची में द्वितीय स्थान प्राप्त कर स्कूल, परिवार एवं नगर का गौरव बढ़ाया है। तनु को परीक्षा में मिली उपलब्धि से क्षेत्र में हर्ष बना हुआ है। स्कूल संचालिका श्रीमति नीता धाकड़ ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

ग्राम भारकच्छ खुर्द के किसान परिवार की तनु ने बताया कि उसके पिता खेती किसानी करते है। अपने माता पिता और पूजा पब्लिक स्कूल गुरुजनों को श्रेय देते हुए कहा कि निरन्तर पढ़ाई से 97.6 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए। जीव विज्ञान विषय को लेकर आगे की पढ़ाई करने की इच्छा व्यक्त की है।

गर्मी का रौद्र रूप शुरु, गर्म हवाओं का जोर

# तप उठे जंगल पहाड़, दिन और रात का बढ़ा तापमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली



बैशाख के महिने में जेढ जैसी भीषण गर्मी से नर्मदा क्षेत्र के निवासी हैरान परेशान हो रहे है। पिछले दो-तीन दिनों में जिस प्रकार दिन और रात का तापमान बढ़ा है और गर्म हवाओं का जोर बना हुआ है। उसके असर से अब दिन में घरों या गावों से बाहर निकलना मुश्किल होने लगा है।

नर्मदा क्षेत्र दो पर्वत श्रंखलाओं के बीच फैला हुआ है। पूर्व में सतपुड़ा पर्वत तो उत्तर पश्चिम में विंध्याचल पर्वत है। जिस प्रकार दिन में सूरज की किरणे आग बरसा रही है उससे जंगल के पत्थर तप गए है। इसी कारण गर्म हवाओं का जोर बना हुआ है। हालाकि नर्मदा क्षेत्र के उदयपुरा, बरेली, बाड़ी तहसीलों में व्यापक स्तर पर मूंग की खेती के कारण हजारों एकड़ भूमि में मूंग की हरी फसलें और उनमें चल रही सिंचाई के कारण आधी रात के बाद से सुबह तक तापमान में कुछ कमी आने से ग्रामीण भीषण गर्मी में राहत महसूस करते है।

### सूरज का रोद्र रूप

अप्रैल के महिना में मई, जून जैसी भीषण असहनीय गर्मी का रोद्र रूप देखने को मिल रहा है। दिन हो या रात बिना कूलर, पंखे के एक मिनिट भी रहना कठिन हो रहा है। इसी के साथ सूरज की किरणों से दिन में आग झरने जैसी स्थिति के कारण पसीने से भीगंना भी लोगों की मजबूरी बन रहा है।

लोगों का मानना है कि जिस प्रकार इस वर्ष भारी शीत रही उसी प्रकार असहनीय गर्मी के रोद्र रूप का सामना भी करना पड़ेगा।

गीता भवन के लिए 10 करोड़ की राशि मिलेगी

# नगर परिषद का 65 लाख बचत के साथ वार्षिक बजट सर्व सम्मति से किया पारित

नए बजट में सीवरेज व आईएनडी प्लाट निर्माण पर करोड़ों की राशि खर्च की जाएगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली



गुरुवार को नगर पालिका के सभा कक्ष में नगर परिषद उपाध्यक्ष नेपाल सिंह राजपूत की अध्यक्षता में सामान्य सभा की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में वर्ष 2026-27 का वार्षिक बजट सर्व सम्मति से पारित किया। पारित बजट के अनुसार वार्षिक अनुमानित आप 72,7205000 करोड़ रुपए और वार्षिक खर्च 72,65,55000 करोड़ के साथ 65 लाख रुपए की बचत का बजट पारित किया गया। 10 करोड़ रुपए गीता भवन निर्माण के लिए एवं भूमि उपयोगिता जल प्रबंधन अंतर्गत सीवरेज व आईएनडी प्लाट निर्माण कार्य की शासन से अनुदान राशि के रूप में प्राप्त होगी।

### नगर विकास को मिलेगी गति

पिछले वर्ष में नगर परिषद द्वारा करोड़ों की राशि खर्च कर सीसी सडक़ों का निर्माण कार्य कराया गया। हनुमान गढ़ी घोघरा नदी पर घाट निर्माण एवं सौन्दर्य करण का कार्य हुआ। आने वाले वर्ष में गीता भवन का निर्माण, सीवरेज व आईएनडी प्लाट निर्माण पर करोड़ों की राशि खर्च की जाएगी।

वार्षिक बजट की सामान्य सभी की बैठक में उपा. नेपाल सिंह राजपूत, पार्षद पूरन सिंह धाकड़, ठाकुर सिंह पटेल, श्रीमति पुष्पा साहू, श्रीमति शारदा शैलेन्द्र पटेल, पीयूष मालवीय, श्रीमति अलका चाण्डक, श्रीमति राखी रणधीर चौधरी, शहनाज बी अफजल अली के साथ्ज्ञ सीएमओ हरिशंकर वर्मा, घनश्याम लोधी, अनुराग सेन इत्यादि की उपस्थिति रही।

## जिला अस्पताल प्रबंधन के डॉक्टर ड्यूटी समय में भी घर पर मरीजों को देखने में व्यस्त

# कहने को जिला अस्पताल...फिर भी इलाज के लिए भटक रहे मरीज, इमरजेंसी बनी दिखावा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

• जिला अस्पताल में इमरजेंसी में मरीजों को ना तो इलाज के लिए पर्चा बन रहा और ना ही उन्हें दवाइयां दी जा रही हैं। उपचार कराने आने वाले मरीजों को इलाज के लिए भटकना पड़ रहा है। इमरजेंसी रूम में डॉक्टर भी नदारत रहते हैं, जबकि इस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी, स्वास्थ्य राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल करते हैं।

जिला अस्पताल में अव्यवस्थाएं बरकरार हैं, हरिभूमि संवाददाता ने जब पड़ताल की तो पता चला कि प्रतिदिन शाम के समय इमरजेंसी में करीब 6 बजे भर्ती पर्चा और मरीजों के लिए दवा वितरण कक्ष बंद हो जाता है। जिससे जिला अस्पताल में इलाज करने आने वाले मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जबकि कक्ष की विंडो पर एक तख्ती टंगी हैं, जिसमें मरीजों के लिए इलाज की सुविधा हरदम चौबीस घंटे सातों पहर उपलब्ध है, लिखा हुआ है।

कहने को तो जिले का यह सबसे बड़ा सरकारी जिला अस्पताल है। जिसे सरकार ने करोड़ों रुपए खर्च कर आधुनिक बनाने का प्रयास किया है, परन्तु स्थानीय अस्पताल प्रशासन की नाकामी के कारण मरीजों को जो सुविधाएं उपलब्ध होना चाहिए, वो नहीं हो पा रही है। सीएस से लेकर डॉक्टर तक सभी प्रायवेट प्रैक्टिस पर ज्यादा ध्यान देते है। जब कभी भी अस्पताल जाकर देखो तो कुर्सियों से डॉक्टर नदारत रहते है। कुछ लोगों का कहना है कि अस्पताल प्रबंधन के एक बड़े जिम्मेदार अधिकारी ड्यूटी समय में भी घर पर मरीजों को देखने आ जाते है और उनसे मोटी फीस वसूल करते हैं।

जिला अस्पताल में प्रसूता महिलाओं सहित गंभीर मरीज और घायल मरीज पहुंच रहे हैं, लेकिन मरीजों के लिए सुविधा बद से बदतर होती जा रही हैं। इसे जिला अस्पताल प्रबंधन के अधिकारियों की मनमानी कहें या फिर लापरवाही कहें।

जिला अस्पताल में इस नई व्यवस्था से मरीज और उनके परिजन बेहद परेशान हो रहे हैं। इमरजेंसी में उन्हें दवा का भी विरतण किया जा रहा है।





### इलाज कराने अस्पताल आए मरीजों को नहीं मिला उपचार, छलका दर्द

तहसील रायसेन के वीरपुर गांव से बुखार आने पर शुक्रवार की शाम करीबन कछह बजे इलाज कराने बुजुर्ग महिला झुनिया बाई आईं। तब तक अस्पताल की पर्चा विंडो बंद हो चुकी थी। कर्मचारी बोला कि अब कल सुबह नौ बजे आओ। यह बात सुनकर वह निराश हो गई। इसी तरह कोटरा की रहने वाली बूटी बाई सांस लेने में तकलीफ का इलाज कराने इमरजेंसी में डॉक्टर से इलाज कराने पहुंची। लेकिन नई बिल्डिंग की इमरजेंसी में भी डॉक्टर कुर्सियों से गायब रहे। मौके पर ड्यूटी नर्सो ने उन्हें यह कहकर यह बोला कि अब कल इलाज कराने आएं। इसी तरह सनत पाण्डेय एडवोकेट अपनी पत्नि का वीपी चैकअप कराने पहुंचे। इमरजेंसी में वह भी भर्ती पर्चा बनवाने के लिए कभी नई बिल्डिंग में तो कभी पुरानी बिल्डिंग तक दौड़ लगाते नजर आए।

### डॉक्टरों के अप-डाउन पर नहीं लग रही लगाम

जिला अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाएं दम तोड़ती नजर आ रही हैं। यहां पदस्थ अधिकांश डॉक्टरों द्वारा भोपाल से अपडाउन किए जाने की शिकायतें लंबे समय से सामने आ रही हैं। लेकिन इस पर प्रभावी कार्रवाई नहीं हो पा रही है। हालात यह हैं कि अस्पताल प्रशासन भी इस व्यवस्था पर शिकंजा कसने में नाकाम नजर आ रहा है। सूत्रों के मुताबिक, कई डॉक्टर निर्धारित समय पर अस्पताल नहीं पहुंचते। वे देर से निजी वाहनों से आते हैं और वार्डों में मरीजों का राउंड भी महज औपचारिकता बनकर रह गया है। गंभीर मरीजों को समय पर इलाज नहीं मिल पा रहा, जिससे परिजनों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

जब मीडिया कर्मियों ने जिला अस्पताल के आरएमओ डॉ अभिषेक सागर से अव्यवस्था के बारे में जानकारी लेना चाही तो, उन्होंने मोबाइल फोन रिसीव करना मुनासिब नहीं समझा।

**इनका कहना है**

हम दिखवाते हैं कौन दवाई नहीं दे रहा।

- डॉ. यशपाल सिंह बाल्यान, सिविल सर्जन जिला अस्पताल रायसेन।

### आदेश के बाद भी शाम की ओपीडी इमरजेंसी में नहीं आते डॉक्टर, मरीज परेशान

शाम के समय जिला अस्पताल की इमरजेंसी में ओपीडी में शाम 6 से 8 बजे तक कुर्सी पर कोई डॉक्टर मरीज को उपचार करने नहीं बैठता। जिससे मरीज इलाज के लिए नई बिल्डिंग अस्पताल परिसर में इधर-उधर भटकते रहते हैं। आखिर यह अपनी समस्या कैसे और किसे बताएं ।कोई भी उनकी बात सुनने को तैयार नहीं होता। फैजान खान ने बताया कि रविवार और छुट्टियों के दिन तो मरीजों का उपचार किसी मुसीबत से कम नहीं होता दिखाई। ऐसी स्थिति में भगवान भरोसे हो जाता है ।क्योंकि डॉक्टर पूरी तरह से गायब रहते हैं। इतना ही नहीं जिला अस्पताल के डॉक्टर बजाए मरीजों का उपचार करने के वह बंगले घर बैठकर आराम से प्राइवेट पर प्रैक्टिस करते नजर आते हैं। कुल मिलाकर जिला अस्पताल के डॉक्टर की ड्यूटी सिर्फ पैसा कमाने कमाई करने रह गया है। कौड़ी मोरी निवासी मोहन लाल जाटव की पत्नी ममता बाई जाटव को सांची रोड़ भारत माता चौराहे पर अज्ञात वाहन चालक ने टक्कर मार घायल कर दिया था। जिला अस्पताल के फीमेल वार्ड में भर्ती है। सही तरीके से इलाज नहीं मिल पाता। शाम को इमरजेंसी में कोई डॉक्टर राउंड नहीं लगाते सिर्फ नर्स दर्द निवारक गोलियां देकर औपचारिकता निभाती हैं।

# कलेक्टर ने खेतों में जाकर फसलों का किया सत्यापन

## अधिकारियों को दिए जल्द समाधान के निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए स्लॉट बुकिंग में आ रही तकनीकी दिक्कतों को लेकर प्रशासन अब पूरी तरह सक्रिय हो गया है। पोर्टल पर त्रुटि के चलते कई किसानों की फसल पुनः सत्यापन शेष दिखने से उन्हें उपज बेचने में परेशानी हो रही थी। इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा ने खुद मैदान में उतरकर हालात का जायजा लिया।

शुक्रवार को कलेक्टर विश्वकर्मा रायसेन तहसील के ग्राम मेंडोरी और नीमखेड़ा पहुंचे। जहां उन्होंने किसानों के खेतों में जाकर फसलों का पुनः सत्यापन किया। इस दौरान उन्होंने मौके पर मौजूद राजस्व अधिकारियों से चर्चा कर प्रक्रिया को तेज करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने स्पष्ट कहा कि किसी भी किसान को स्लॉट बुकिंग या उपज विक्रय में परेशानी नहीं होनी चाहिए। कलेक्टर के साथ सहायक कलेक्टर कुलदीप पटेल, एसडीएम मनीष शर्मा और तहसीलदार भरत सिंह मंडले भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने खेतों में जाकर फसल की वास्तविक स्थिति का निरीक्षण किया और आवश्यक दस्तावेजों का मिलान किया।

गौरतलब है कि स्लॉट बुकिंग के दौरान पोर्टल में आई तकनीकी खामियों के कारण कई किसानों की एंट्री अधूरी रह गई थी। इसे सुधारने कलेक्टर ने पहले ही एसडीएम मनीष शर्मा को निर्देश दिए थे।

## कार्यक्रम में प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश सचिन जैन को दी भावभीनी विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

जिला बार एसोसिएशन कक्ष में शुक्रवार दोपहर एक गरिमामय विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश सचिन जैन का रायसेन से भोपाल स्थानांतरण होने पर भावभीनी विदाई दी गई। विदाई समारोह की अध्यक्षता जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार सोहाने ने की। इस अवसर पर



न्यायालय के अन्य न्यायाधीशगण भी उपस्थित रहे। सभी के द्वारा श्री जैन को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनके कार्यकाल की सराहना की गई।

### कार्रवाई का लोगों ने किया स्वागत

## नप की कार्रवाई, बजरंग चौराहे से हटाए टीनशेड




हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी

नगर परिषद ने शुक्रवार को बजरंग चौराहे पर स्थित शासकीय भूमि पर किए कथित अस्थायी अतिक्रमण के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए टीनशेड हटाने की कार्रवाई की। यह कार्रवाई एसडीएम के निर्देश पर सीएमओ ऋषिकांत यादव के नेतृत्व में की गई। इस अवसर पर पुलिस अमला भी मौजूद रहा।

जानकारी के अनुसार, बजरंग चौराहे से लेकर गांधी चौक तक नाली के बाहर टीन शेड बनाकर अस्थायी अतिक्रमण किया गया था। नगर परिषद के अमले ने मौके पर पहुंचकर इन अतिक्रमणों को हटाया और मार्ग को व्यवस्थित करने का प्रयास किया। इस दौरान प्रशासनिक अमले ने दुकानदारों को भी सख्त हिदायत दी कि भविष्य में इस प्रकार का अतिक्रमण न किया जाए। नागरिकों ने नगर परिषद की इस कार्रवाई का स्वागत किया है। उनका कहना है कि लंबे समय से सड़क के दोनों ओर दुकान संचालकों द्वारा टीन शेड लगाकर अतिक्रमण किया जा रहा था, जिससे मार्ग संकरा हो गया था। इसके अलावा फल, सब्जी के ठेले लगने से आवागमन में बाधा उत्पन्न होती थी और दिन में कई बार जाम की स्थिति बनती थी।

नागरिकों ने मांग की है कि नगर परिषद को नियमित निगरानी बनाए रखनी चाहिए, ताकि हटाया गया अतिक्रमण दोबारा न हो सके।

### सांची की होटलों में अनैतिक गतिविधियों के मामले में जिम्मेदारों को लगाई फटकार

## सांची थाने की लापरवाही को एनएचआरसी सदस्य प्रियंक कानूनगो ने की उजागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

शुक्रवार को राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के सदस्य डॉ प्रियंक कानूनगो ने सांची थाने का औचक निरीक्षण किया। थाने में एक युवक को पुलिस हिरासत में बिठाने और प्रक्रिया में लापरवाही सामने आने पर उन्होंने थाना प्रभारी जेपी त्रिपाठी सहित पूरे स्टाफ को कड़ी फटकार लगाई।

डॉ कानूनगो ने थाने के रिकॉर्ड, हिरासत व्यवस्था और पुलिस कार्रवाई की बारीकी से जांच की। इस दौरान उन्होंने पाया कि संबंधित युवक को हिरासत में रखने की प्रक्रिया में आवश्यक कानूनी औपचारिकताओं का पूर्ण रूप से पालन नहीं किया गया था। इस पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि मानवाधिकारों का उल्लंघन किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पुलिस अधिकारियों को चेतावनी दी कि हिरासत में लिए गए व्यक्तियों के अधिकारों का विशेष ध्यान रखा जाए और हर कार्रवाई नियमानुसार दर्ज की जाए।

उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखना जितना जरूरी है, उतना ही जरूरी है कि नागरिकों के अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित की जाए। डॉ कानूनगो ने यह भी निर्देश दिए कि थाने आने वाले हर व्यक्ति के साथ संवेदनशीलता और पारदर्शिता के साथ व्यवहार किया जाए। उन्होंने रजिस्टर संधारण, गिरफ्तारी की प्रक्रिया और सीसीटीवी निगरानी व्यवस्था को भी दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। सांची की होटलों में देह व्यापार सहित अन्य अनैतिक गतिविधियों के मामले को लेकर इस निरीक्षण से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। अधिकारियों और कर्मचारियों में हलचल देखी गई और व्यवस्थाओं को सुधारने की कोशिश की गई।

### ईंटें भरकर भानपुर जा रहा था वाहन, तभी हुआ हादसा

# ईंटों से भरा हुआ 407 वाहन खड़ी बाइक पर पलटा, 3 घायल, 2 रेफर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सलामतपुर

शुक्रवार दोपहर को भोपाल विदिशा स्टेट हाइवे 18 स्थित बेरखेड़ी चौराहे पर एक ईंटों से भरा हुआ 407 वाहन सड़क के किनारे खड़ी हुई मोटरसाइकिल पर पलट गया। जिससे ईंटों के ऊपर बैठे 4 लोगों में से 3 युवकों को गंभीर चोटें आ गईं। दो युवकों को स्थिति अधिक खराब होने पर रेफर किया। गनीमत रही कि मोटर साइकिल पर कोई बैठा नहीं था वरना बड़ा हादसा होने की संभावना थी।

पुलिस से मिली जानकारी अनुसार एक 407 आयशर वाहन एमपी 04 वाईजेड 2553 ग्राम मुड़ियाखेड़ा के भट्टे से ईंटें भरकर भानपुर भोपाल जा रहा था। रास्ते में बेरखेड़ी चौराहे के पास अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़ी मोटरसाइकिल पर पलट गया। आयशर वाहन में पीछे ईंटों के उपर चार युवक बैठे थे। वाहन पलटने से राजा रावत पिता लोकम सिंह रावत 21 निवासी पुरा घटेरा थाना ग्यारसपुर, संदीप कुशवाह पिता खुमान कुशवाह 22 निवासी मेलुआ चौराहा थाना कुरवाई और आकाश प्रजापति पिता काशीराम प्रजापति 26 निवासी भानपुर ब्रिज के पास भोपाल गंभीर रूप से घायल हो गए।

घायलों को पहले बेरखेड़ी चौराहे स्तिथ निजी अस्पताल में भर्ती किया गया था। लेकिन स्तिथी बिगड़ने पर भोपाल रेफर किया है। वहीं सड़क से नीचे पलटे हुए वाहन को जेसीबी मशीन से सीधा किया गया। और सलामतपुर पुलिस ने 407 आयशर वाहन जब्त कर जांच शुरू की है।



### 407 वाहन में भरी ईंटों के ऊपर बेठे थे 4 युवक

शुक्रवार को हुए हादसे में एक गंभीर लापरवाही सामने आई है कि ईंटों से भरे हुए 407 आयशर वाहन में पीछे ईंटों के ऊपर 4 युवक बेठे थे। वहीं हादसे में गंभीर घायल हुए हैं और 407 का ड्रायवर मौके से फरार हो गया। हादसे में ट्रक के पलटते ही पूरे मार्ग पर ईंटे ही ईंटें नजर आ रही थीं। मोटरसाइकिल भी ईंटों के नीचे दबने से छतिग्रस्त हो गई है।

**इनका कहना है**

शुक्रवार को बेरखेड़ी चौराहे के पास ईंटों से भरा407 वाहन सड़क किनारे खड़ी बाइक पर पलटकर नीचे खाई में लुढक गया। जिसमें ईंटों के ऊपर बेठे हुए 4 लोगों में से 3 युवक घायल हो गए। जिन्हें अस्पताल पहुंचाया और 407 वाहन को जब्त कर मामले की जांच कर रहे हैं।

- दिनेश सिंह रघुवंशी, थाना प्रभारी।

### दुर्घटना में कार क्षतिग्रस्त

## सड़क किनारे खड़ी कार में एक कंटेनर ने मारी टक्कर

**सलामतपुर।** बीती देर रात भोपाल विदिशा हाइवे के मुक्तापुर गांव के पास एक कंटेनर ने सड़क किनारे खड़ी कार में टक्कर मार दी। हादसे में कार क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने कंटेनर जब्त कर कार्रवाई शुरू की है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार गुरुवार देर रात लगभग साढ़े 11 बजे मुक्तापुर गांव के पास विदिशा जा रहे सौरभ कुर्मी पिता शेर सिंह कुर्मी निवासी पुरनपुरा विदिशा टॉयलेट करने कार एमपी 04 वाई क्यु 1013 को साइड में खड़ा कर के चले गए थे। तभी सूरत से परचूनी का सामान लेकर पटना जा रहे कंटेनर डीडी 01 क्यू 9910 ने कार में टक्कर मार दी। जिससे कार का साइड ग्लास टूट गया और कार क्षतिग्रस्त हो गई। कार चालक सौरभ ने ट्रक ड्राइवर को पुलिस के सुपुर्द करते हुए मामला दर्ज कराया। पुलिस ने ट्रक जब्त कर चालक पर मामला दर्ज किया है।



### तुलाई, स्लॉट बुकिंग और खरीदी केंद्रों की कमी पर उठे सवाल

# समस्याओं को लेकर किसान संघ ने सौंपा ज्ञापन

### भारतीय किसान संघ ने छोटे किसानों तक सीमित स्लॉट बुकिंग पर भी आपत्ति जताई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी

तहसील सिलवानी में गेहूं उपार्जन से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को लेकर भारतीय किसान संघ ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। किसानों ने खरीदी व्यवस्था में आ रही दिक्कतों को विस्तार से रखते हुए तत्काल सुधार की मांग की। इस दौरान एसडीएम के साथ बैठक कर बिंदुवार चर्चा भी की गई।

ज्ञापन में किसानों ने बताया कि 10 अप्रैल से गेहूं खरीदी शुरू होने के बावजूद केंद्रों पर अब तक केवल 500 से 1500 क्विंटल तक ही तुलाई हो सकी है, जिससे किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा स्लॉट बुकिंग में तकनीकी समस्याएं सामने आ रही हैं, जहां गिरदावरी सत्यापन के बाद भी सैटेलाइट द्वारा आवेदन अस्वीकृत किया जा रहा है। किसान संघ ने छोटे किसानों तक सीमित स्लॉट बुकिंग पर भी आपत्ति जताई और बड़े किसानों के लिए भी समान अवसर देने की मांग की। साथ ही चना और मसूर खरीदी केंद्र शीघ्र शुरू करने, बारदाने की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने और नए खरीदी केंद्र खोलने की मांग उठाई गई।




बैठक के दौरान एसडीएम ने किसानों को आश्वस्त किया कि सैटेलाइट संबंधी समस्या अगले दो दिनों में ठीक कर दी जाएगी। साथ ही गेहूं खरीदी केंद्रों की संख्या 10 से बढ़ाकर 13 कर दी गई है। प्रशासन ने यह भी जानकारी दी कि अगले दिन से तीन केंद्रों पर चना खरीदी के लिए स्लॉट बुकिंग शुरू हो जाएगी।

### संघ दी चेतावनी, जल्द समाधान नहीं हुआ तो करेंगे आंदोलन

प्रशासन ने स्पष्ट किया कि तुलाई 50 किलो 600 ग्राम प्रति बोरी के मानक से की जाएगी और किसी भी तरह की अनियमितता पर किसान शिकायत कर सकते हैं। अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि छोटे किसानों के बाद बड़े किसानों के स्लॉट भी बुक किए जाएंगे और सभी का गेहूं खरीदा जाएगा।

किसान संघ ने चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन और धरना दिया जाएगा। ज्ञापन देते समय राघवेंद्र रावत, महेंद्र रघुवंशी, ओमप्रकाश रावत, प्रेम नारायण दुबे, लखन रघुवंशी, संदीप रघुवंशी, बृजेश कौरव, मलखान सिंह अजय मिश्रा आदि किसान संघ के पदाधिकारी एवं किसान उपस्थित रहे।

### गर्मी का असर: 40 के पार पारा, मटकों की बढ़ी मांग

# प्रजापति समाज आज भी पारंपरिक मटके बनाकर बेच रहे गांव-गांव

हरिभूमि न्यूज ⏭ दीवानगंज

क्षेत्र में पिछले 3 दिनों से तेज धूप और भीषण गर्मी का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना हुआ है, जिससे आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है। दोपहर के समय सड़कों पर सन्नाटा छा जाता है और लोग जरूरी कामों के लिए ही घरों से बाहर निकल रहे हैं।

इस भीषण गर्मी के बीच पारंपरिक ठंडे पानी की मांग एक बार फिर बढ़ गई है। मिट्टी के मटके का ठंडा पानी लोगों को राहत दे रहा है। दीवानगंज क्षेत्र में प्रजापति समाज के लोग मोटरसाइकिल के माध्यम से गांव-गांव जाकर मिट्टी के मटके बेच रहे हैं। क्षेत्र के ग्राम बरजोरपुर, जमुनिया, निनोद, सरार कयामपुर, सग्रामपुर, दीवानगंज, अंबाडी, सेमरा, मुड़ियाखेड़ा, भारतीपुर, शाहपुर, काली टोर, पिपरई, मुस्काबाद, सत्ती बसिया में निवास करने वाले कुम्हार जाति के लोग अपनी आजीविका चलाने चाक पर मिट्टी के बर्तन बनाकर इस कला को जीवित रखने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन परिस्थितियां उनके प्रतिकूल बनी हुई है। ग्रामीण क्षेत्रों में मटकों की बिक्री में तेजी आई है। वहीं कुम्हार समुदाय के लिए भी यह समय रोजगार के अवसर लेकर आया है।

**इस भीषण गर्मी में मिट्टी के मटके का ठंडा पानी लोगों को दे रहा राहत**

